(6)

# Order Sheet [Contd]

RCSHM 51/2022 Case No. ............... of 20............

करुणा × राहुल

| Date of Order or proceeding | Order or proceeding with signature of presiding Officer | Signature of Parties or Pleaders where necessary |
|---|---|---|
| 28.08.2023 | आवेदिका द्वारा श्री सुनील मालवीय अभिभाषक।<br>अनावेदक द्वारा श्री अनिल शर्मा अभिभाषक।<br>प्रकरण राजीनामा आवेदन पर विचार हेतु नियत है।<br>पूर्व में उभयपक्ष को सुलह समझाईश दी गई थी। उभयपक्ष द्वारा दिनांक 26.06.2023 को आपसी राजीरामा प्रस्तुत किया गया था। पुछताछ में उनके द्वारा उक्त राजीनामा स्वेच्छा से बिना किसी दबाव–प्रभाव के किया जाना और दोनो का साथ में रहकर जीवन–यापन करने हेतु तत्पर होना प्रकट किया था। पक्षकारों की पहचान उनके अधिवक्ताओं द्वारा की गई।<br>उभयपक्ष के अधिवक्ताओं ने उनके पक्षकारों के बीच राजीनामा कायम होने और दोनों का साथ में रहकर जीवन–यापन कर रहे होना प्रकट किया है। ऐसी स्थिति में प्रकरण को अब लंबित रखा जाना उचित प्रतीत नहीं होता है। अतः राजीनामा स्वीकार कर राजीनामा के आलोक में प्रकरण की कार्यवाही समाप्त की जाती है।<br>प्रकरण का परिणाम दर्ज कर नियत समयावधि में अभिलेख को अभिलेखागार भेजा जावे।<br>28/08/23<br>( शोएब खान )<br>प्रथम जिला न्यायाधीश,<br>खाचरौद, जिला–उज्जैन (म.प्र.) | 28/08/2023<br>Noted 28.8.23<br>28-8-23 |